**Ind-Swift Laboratories Limited**
(A Recognised Export House)
Regd. Office : S.C.O. 850, Shivalik Enclave, NAC, Manimajra, Chandigarh - 160 101
Phones : ++ 91 - 172-2730503, 2730920, Fax + + 91 - 172 - 2730504, 2736294
E-mail : info@indswiftlabs.com Website : www.indswiftlabs.com
CIN No. L24232CH1995PLC015553

**Ref: ISLL:CH:2024** **Date: 29th August, 2024**

**The President**
**Corporate Relationship Department**
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**25th Floor, Dalal Street,**
**Mumbai 400 001**

**The Vice President,**
**Listing Compliance Department,**
**National Stock Exchange of India Limited,**
**Exchange Plaza, 5th Floor**
**Plot No. C/2, G-Block,**
**Bandra Kurla Complex, Bandra (E),**
**Mumbai 400 051**

**BSE Scrip Code: 532305**

**NSE Symbol: INDSWFTLAB**

**Subject: - Public Notice in respect of Information Regarding Holding of the Annual General Meeting of the Company through Video Conference (VC) / Other Audio-Visual Means (OAVM)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to provisions of Regulation 47 read with regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 we enclose herewith the copies of advertisement published in the newspapers viz. Financial Express and Jansatta on 29th August, 2024, inter-alia intimating that the 29th Annual General Meeting of the Company will be held on Monday, September 30, 2024 at 11:30 A.M. through Video Conferencing /Other Audio Visual Means without physical presence of Members at a common venue.

You are requested to kindly take note of the same.

Thanking You

For **IND-SWIFT LABORATORIES LTD.**

Pardeep Verma
Digitally signed by Pardeep Verma
Date: 2024.08.29 15:45:16 +05'30'

Ind-Swift Laboratories Ltd. CHANDIGARH

**PARDEEP VERMA**
**VP-CORPORATE AFFAIRS &**
**COMPANY SECRETARY**

# अनुकंपा के आधार पर 1,400 लोगों को नौकरी मिलेगी : मुख्यमंत्री

## मानसूत्र सत्र का दूसरा दिन : शिक्षामंत्री ने कहा, 419 विद्यालयों का विलय किया

शिमला, 28 अगस्त (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को राज्य विधानसभा को बताया कि सेवा के दौरान मरने वाले 1,400 से अधिक सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अगले नौ महीनों में अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाएगी।

सदन में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए सुक्खू ने कहा कि सरकार के समक्ष अनुकंपा के आधार पर नौकरी के 1,415 मामले लंबित हैं। उनकी सरकार ने पिछले 20 महीनों में 180 लोगों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी है। सरकार अनुकंपा के आधार पर तृतीय श्रेणी की नौकरी देने पर भी विचार करेगी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता वाली मंत्रीमंडल उपसमिति अगले छह महीनों में सरकार को अपनी रपट सौंपेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान अनुकंपा के आधार पर केवल चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दी गई थी। जवाब में हस्तक्षेप करते हुए विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने कहा कि उनकी सरकार ने अनुकंपा के आधार पर 4,500 लोगों को नौकरी दी है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि पांच या उससे कम छात्र संख्या वाले प्रदेश के 419 सरकारी विद्यालयों का पास के विद्यालयों में विलय कर दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की तैनाती को युक्तिसंगत बनाने के लिए यह कदम उठाया है। मंत्री ने कहा कि पांच से कम छात्रों वाले कुल 361 प्राथमिक विद्यालयों को दो किलोमीटर के दायरे में अन्य विद्यालयों में विलय कर दिया गया है, जबकि 58 मध्य खंड के विद्यालयों को तीन किलोमीटर की दूरी के विद्यालयों में विलय कर दिया गया है।

### सर्पदंश से मरने वालों के परिवारों को मुआवजा देने पर विचार : सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने विधानसभा में घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार सर्पदंश से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को मुआवजा देने पर विचार करेगी। सरकार राहत नियमावली में आवश्यक संशोधन भी करेगी। कांग्रेस के केवल सिंह पठानिया के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में हस्तक्षेप करते हुए सुक्खू ने कहा कि नदियों और खड्डों के आसपास के क्षेत्रों में बरसात के दौरान सर्पदंश के मामले बढ़ जाते हैं और उन्होंने राजस्व मंत्री से इस मुद्दे पर और जानकारी जुटाने को कहा है। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल्य ने कहा कि सर्पदंश के मरीजों को तुरंत उपचार दिया जाएगा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जहर रोधी टीकें उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अलावा एंबुलेंस में भी ये टीकें उपलब्ध होंगे।

## मुख्यमंत्री ने पर्यटन परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए

शिमला, 28 अगस्त (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को पर्यटन विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को लाभान्वित करने के लिए महत्त्वपूर्ण अधोसंरचना कार्यों के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि नागर विमानन महानिदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी हेलिपोर्ट का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा विस्तृत परियोजना रपट को अंतिम रूप दिया जाएगा। सुक्खू ने पर्यटन विभाग को जिला कांगड़ा के पालमपुर में कम से कम पांच हजार लोगों की क्षमता वाले सम्मेलन कक्ष निर्मित करने की संभावना तलाशने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करने को कहा।

## कार के खाई में गिरने से महिला की मौत, तीन जख्मी

मंडी, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

बीती रात मंडी जिले के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के पधर उपमंडल के तहत आने वाले कुन्नू-कुफरी मार्ग पर कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरने से उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई। तीन गंभीर तौर पर घायल हो गए। घायलों को मंडी जोनल अस्पताल लाया गया जहां से गंभीर हालत होने पर नेरचौक चिकित्सक कालेज के लिए रेफर कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पधर पुलिस थाना के तहत कुन्नू-कुफरी सड़क पर चौंरा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार चार लोग आल्टो कार में सवार होकर कुन्नू से कुफरी की ओर जा रहे थे जैसे ही कार कुफरी के चौंरा के समीप पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 120 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। इलाज के दौरान अस्पताल में 70 वर्षीय सूती देवी की मौत हो गई। इस हादसे में हेम सिंह, भडवाहण पंचायत के बटाहर गांव की 22 वर्षीय सुष्मिता व कार चालक पंचायत उपप्रधान दर्शन कटारिया गंभीर तौर पर घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि महिला की मौत हो गई हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत, दस घायल

धर्मशाला, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

चंबा जिले की कबाइली घाटी भरमौर में भरमाणी माता मार्ग पर बुधवार सुबह गाड़ी के खाई में गिरने से दो महिलाओं समेत पंजाब के पठानकोट शहर के तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दस घायल हो गए। घायलों में दो यात्री उत्तर प्रदेश के भी शामिल हैं। गाड़ी सवार यह तेरह लोग मणिमहेश की यात्रा पर जा रहे थे।

मृतकों की पहचान पठानकोट के पटेल चौक की नेहा (21), दीक्षा (39) और लाडी (संतरुप) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक भरमौर-भरमाणी माता मार्ग पर घराडू के नजदीक एक मोटरसाइकिल सवार को पास देने की कोशिश में अचानक डंगा धंस गया और मणिमहेश लेकर जा रही टाटा सूमो गाड़ी खाई में जा गिरी। हादसे का पता लगते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचित किया। हादसे के दौरान दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि तीसरे ने अस्पताल ले जाते हुए दम तोड़ दिया।

पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र चौधरी ने बताया कि घायलों में शामिल आरती (40), मानव (22), सौरव (33), राजेश (45), विशाल कुमार (34), शिखा (27), राहुल कुमार (33), गौरव (17) के अलावा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के करनवास गांव के विवेक कुमार (22) और हरदोई जिले के भतनी गांव के 18 बर्षीय आशीष शामिल हैं। इनमें गंभीर हालत में चार घायलों को चंबा चिकित्सक कालेज में भर्ती किया गया है जबकि बाकियों का भरमौर के नागरिक अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

# मनाली और लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी

कुल्लू, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

पर्यटन स्थल रोहतांग सहित शिंकुला व बारालाचा दर्रों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। वहीं लाहौल व मनाली घाटी में बारिश का क्रम जारी रहा। कुल्लू-मनाली सहित लाहौल-स्पीति की समस्त ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। बर्फबारी से मनाली व लाहौल के बागवान खुश हैं। समय से पहले मौसम के ठंडे हो जाने से किसान चिंतित हैं लेकिन पर्यटन कारोबारी खुश हैं। मंगलवार रात को मनाली व लाहौल-स्पीति घाटी में बारिश हुई है और चोटियों में हिमपात हुआ है।

रोहतांग सहित कुंजम, बारालाचा व शिंकुला दर्रे में बर्फबारी हुआ है। हालांकि बुधवार को सभी दर्रों में वाहनों की आवाजाही सुचारू रही लेकिन ठंड बढ़ गई है। जिस्पा व सरचू पर्यटन स्थल के कारोबारी दोरजे, पलजोर व टशी ने बताया कि इन दिनों पर्यटकों की आमद बढ़ी है।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि पहाड़ों पर हो रहे हिमपात से पर्यटन को संजीवनी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इन दिनों पर्यटन कारोबार शून्य है लेकिन दशहरा व दिवाली उत्सव में पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। बारिश के बीच लेह मार्ग सहित सभी दरों में वाहनों की आवाजाही सुचारू रही। सोमवार रात को भारी बारिश हुई, वहीं रोहतांग के इस ओर दर्रे सहित धुंधी जोत, मकरवेद व शिकरवेद, हनुमान टिब्बा व इंद्र किला सहित समस्त ऊंची चोटियों में हिमपात हुआ है। दर्रे के उस पार लेडी आफ केलांग,



छोटा व शीघ्रि ग्लेशियर और चंद्रताल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों सहित समस्त ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई है। उधर, पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने पर्यटकों से आग्रह किया है कि मौसम व सड़कों की बहाली की जानकारी जुटाने के बाद ही सफर करें।

स्थानीय मौसम विभाग ने गुरुवार को किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर प्रदेश के 12 में से दस जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश, आंधी और बिजली चमकने को लेकर पीली चेतावनी जारी की है। मंगलवार शाम से पिछले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में मध्यम बारिश हुई। मनाली में 42 मिलीमीटर, नारकंडा में 41.5, कुफरी में 39.6, जुब्बरहट्टी में 39, खदराला में 36.4, शिमला में 36.2, कसौली में 22.6 और सराहन में 22 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### हलाण-दो में बादल फटने से सड़क व सेब के बगीचों को नुकसान



**कुल्लू:** कुल्लू के हलाण-दो में देर रात बादल फटने की घटना सामने आई है। सड़क पर मलबा आने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जिस कारण वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। इस घटना में सेब के बगीचों को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों में दिनेश, निखिल और गुप्त राम ने बताया कि देर रात हलाण-दो के पीछे जंगल में बादल फटा, जिस कारण नालों का जलस्तर बढ़ने से मलबा सड़क और सेब के बगीचों में आ गया। बादल फटने से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। प्रशासन ने मलबा हटाने के लिए मशीनें लगाई हैं सड़क से मलबा हटा दिया है, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारू हो गई है।

## खबर कोना




हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू ने पौधरोपण किया।
-आकिल खान

### कुल्लू से पराशर के लिए विद्युत चालित बस का परीक्षण सफल

मंडी, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

विख्यात धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पराशर घाटी की खूबसूरती और आबोहवा बरकरार रखने के लिए जल्दी ही विद्युत चालित बस सेवा शुरू होगी। यह बस कुल्लू से पराशर के लिए शुरू होगी। जिसके लिए बुधवार को बस का सफल परीक्षण निगम के उप प्रभागीय प्रबंधक डीके नारंग की अगुवाई में किया गया। यह बस कुल्लू से भुंतर, टकोली, पनारसा, ज्वालापुर होते हुए पराशर पहुंचेगी। जिसकी समय सारिणी इसी सप्ताह जारी कर दी जाएगी। इससे पहले यहां निगम की साधारण बस का परीक्षण किया गया था। पराशर घाटी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के साथ-साथ यहां की खूबसूरती और आबोहवा के सरंक्षण के लिए अब निगम ये बस सेवा शुरू करने जा रहा है। कुल्लू से पराशर बस सेवा शुरू होने से देशी-विदेशी पर्यटकों को भी यातायात की बेहतर सुविधा यहां उपलब्ध होगी। बस पराशर पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने निगम के अधिकारियों सहित चालक और परिचालक का स्वागत किया।

### मनाली में देह व्यापार के आरोप में पंजाब की महिला व आनी का युवक गिरफ्तार

कुल्लू, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

मनाली पुलिस ने देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। अवैध कारोबार चला रही पंजाब की महिला व कुल्लू के आनी निवासी को गिरफ्तार किया है। मनाली के लोगों ने अवैध गतिविधियों को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया था। पुलिस उपाधीक्षक मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हडिम्बा मार्ग पर स्थित होटल का कर्मचारी अपने होटल के निजी कमरों को वैशया गृह के रूप में प्रयोग करवा रहा है तथा एक महिला लड़कियों को कुछ पैसा का लालच देकर अवैध देह व्यापार के लिए इस्तेमाल व उतप्रेरित करती है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मोटरसाइकिल सवार की मौत

**मंडी :** प्लान मोड़ पर हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। राज्य परिवहन निगम की बस मंडी से सरकाघाट जा रही थी, मोटरसाइकिल सवार बस से टकरा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकार व प्रशासन ने नहीं किया समस्या का हल | जज्बा | ग्रामीणों व छात्रों को आने-जाने में हो रही थी परेशानी

# मोझी पंचायत के लोगों ने नाले पर बनाया अस्थायी पुल

धर्मशाला, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

सरकार और प्रशासन से जब कोई भी मदद नहीं मिली तो चंबा जिले की कबाइली घाटी पांगी की मोझी पंचायत के लोगों ने हडून गांव के सहयोग से स्वयं ही शिधानी नाले पर काष्ठ की अस्थायी पुल तैयार कर दिया।

मोझी वार्ड के लोगों को पंचायती कार्यों के अलावा किसी व्यक्ति या बीमार पशुओं, राशन डिपो और छठी से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैचूनाला जाना पड़ता है। सैचू के लिए बरास्ता रजवाड़ रास्ते में शिधानी नाला और बरास्ता साहली से मोझी नाला आता है।



*भरमौर*-पांगी के विधायक जनक राज ने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री से बात करने के साथ ही विधानसभा सत्र में भी उठाएंगे।

लिहाजा दोनों नालों में पुलिया न होने से बारिश के दिनों में उफनते यह नाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों संतराम, विद्याधर, प्रेम लाल, इंद्र देव, राज कुमार, प्रेम चंद, सुरेंद्र कुमार, लक्ष्मी चंद, धर्म चंद, बोध राज तथा शाम लाल का कहना है कि जनजातीय इलाके में एकल प्रशासनिक व्यवस्था होने के कारण विकास के नाम पर सालाना करोड़ों खर्च किए जाते है मगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। पंचायत द्वारा कई बार सरकार और पांगी प्रशासन को प्रस्ताव भेजने के बाद भी नाले पर अस्थायी पुलिया का निर्माण नहीं हुआ।

सैचू पंचायत के सरपंच सुरेंद्र कुमार और सैचू व शूण के पंचायत समिति सदस्य सतीश राणा ने कहा कि शिधानी नाले पर स्थायी पुलिया निर्माण की फरियाद करने का भी कोई फायदा नहीं हुआ। उनका कहना है कि बाढ़ से अस्थायी पुलिया कभी भी बह सकती है। इस बाबत भरमौर-पांगी के विधायक जनक राज ने कहा कि ये कार्य प्रशासन स्मुतर पर हो जाना चाहिए था लेकिन अब इस मुद्दे को मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री से बात करने के साथ ही विधानसभा सत्र में भी उठाएंगे।


**Ind-Swift Ltd.**
Regd. Off.: 781, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh-160002.
CIN.No. L24230CH1986PLC006897
Ph. No. 0172-2638781/4680800 Fax No. 0172-2652242/2655406.
E-mail: corporate@indswift.com Website: www.indswiftltd.com

**NOTICE OF 38TH ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO-VISUAL MEANS (OAVM), REMOTE EVOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

Notice is hereby given that the 38th Annual General Meeting ("AGM") of the Company will be held on Monday, September 30, 2024, at 01:30 p.m. (IST), through Video Conferencing/Other Audio Visual Means ("VC/OAVM") in compliance with General Circular No. 09/2023 dated September 25, 2023 issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and circular no SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated October 7, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI) and other relevant circulars issued from time to time (collectively referred to as "the circulars") and in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 to transact the business that will be set forth in the notice of AGM.

In compliance with the abovementioned Circulars, the Annual Report 2023-24 including the notice of AGM, is being sent only through electronic mode to those members whose e-mail IDs are registered with the Registrar & Transfer Agent ("RTA") or respective Depository Participants ("DPs"). The Notice of AGM and the Annual Report 2023-24 will also be available on the Company's website at www.indswiftltd.com, websites of the stock exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) at https://www.evotingindia.com.

The Company has engaged the services of CDSL as the authorised agency for conducting of the AGM through VC/OAVM facility and for providing electronic voting ("e-voting") facility to its members, to exercise their votes through the remote e-voting and e-voting at the AGM. The manner of voting remotely by members holding shares in dematerialized form and physical form will be provided in the AGM notice.

The Cut-off Date for determining the eligibility of members'or the purpose of remote e-voting, for participation in the AGM through VC/OAVM facility and e-voting during the AGM is Monday, September 23, 2024. Any person who becomes a member of the Company after the dispatch of Notice and holding shares as on the Cut-off Date may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com.

Members are advised to update their PAN, KYC (Address, Email ID, Mobile Number, Bank Account Details,Specimen Signature, etc.) and Nomination details as mandated by SEBI vide its master circular SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/37dated May 7, 2024 as per the following process:

Members holding shares in physical form: to the Company's RTA- Alankit Assignments Limited, in prescribed Form ISR -1 and other forms as per instructions mentioned in the form. The formats can be downloaded from the Company's website at http://www.indswiftltd.com/images/shareholder-services.pdf.

Members holding shares in dematerialized form: to their respective Depository Participants as per the procedure prescribed by them.

Notice is hereby given that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and the Rules framed thereunder and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Tuesday,September 24, 2024 to Monday,September 30, 2024 (both days inclusive) for the purpose of the 38th Annual General Meeting (AGM) to be held on Monday, September 30, 2024.

For **IND-SWIFT LIMITED**
Ginny Uppal
Company Secretary

**Place:** Chandigarh
**Date:** 28/08/2024



**Ind-Swift Laboratories Ltd.**
Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh. 160101
CIN No.L24232CH1995PLC015553
Tel: +91-172-2730503, 2730920 | Fax No.: +91-172-2736294 |
www.indswiftlabs.com | E-mail: investor@indswiftlabs.com

**NOTICE OF 29TH ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO-VISUAL MEANS (OAVM), REMOTE EVOTING INFORMATION & BOOK CLOSURE**

Notice is hereby given that the 29th Annual General Meeting ("AGM") of the Company will be held on Monday, September 30, 2024, at 11:30 A.M. (IST), through Video Conferencing/Other Audio Visual Means ("VC/OAVM") in compliance with General Circular No. 09/2023 dated 25th September, 2023 issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD/ PoD-2/P/CIR/2023/167 dated 7th October, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") and other relevant circulars issued from time to time (collectively referred to as "the Circulars") and in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 (the "Act") and SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI LODR"), to transact the business that will be set forth in the Notice of the AGM.

In compliance with the Circulars, the Annual Report 2023-24 including the notice of AGM, is being sent only through electronic mode to those members whose e-mail IDs are registered with the Registrar & Transfer Agent ("RTA") or respective Depository Participants ("DPs"). The Notice of AGM and the Annual Report 2023-24 will also be available on the Company's website at www.indswiftlabs.com, websites of the stock exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) at https://www.evotingindia.com.

The Company has engaged the services of CDSL as the authorised agency for conducting of the AGM through VC/OAVM facility and for providing electronic voting ("e-voting") facility to its members, to exercise their votes through the remote e-voting and e-voting at the AGM. The manner of voting remotely by members holding shares in dematerialized form and physical form will be provided in the AGM notice.

The Cut-off Date for determining the eligibility of members' for the purpose of remote e-voting, for participation in the AGM through VC/OAVM facility and e-voting during the AGM is Monday, 23rd September, 2024. Any person who becomes a member of the Company after the dispatch of Notice and holding shares as on the Cut-off Date may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com.

Members are advised to update their PAN, KYC (Address, Email ID, Mobile Number, Bank Account Details, Specimen Signature, etc.) and Nomination details as mandated by SEBI vide its circular SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/37 dated 7th May, 2024, to avoid freezing of their folios, as per the process:

Members holding shares in physical form: to the Company's RTA- Alankit Assignments Limited, in prescribed Form ISR -1 and other forms as per instructions mentioned in the form. The formats can be downloaded from the Company's website at https://www.indswiftlabs.com/investor/shareholder-services/.

Members holding shares in dematerialized form: to their respective Depository Participants as per the procedure prescribed by them.

Notice is hereby given that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and the Rules framed thereunder and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Wednesday, 25th September, 2024 to Monday, 30th September, 2024 (both days inclusive) for the purpose of the 29th Annual General Meeting (AGM) to be held on 30th September, 2024.

For Ind-Swift Laboratories Ltd.
Sd/-
Pardeep Verma
VP-Corp. Affairs & Co. Secy.

Place : Chandigarh
Date: 28-08-2024



**PERSONAL**

I, Arvind Sharma S/O Sh. Jai Bhagwan Sharma R/O #211-B, GH-5, Sector-5, MDC, Panchkula, Haryana- 134114, declare that I have changed my name from Arvind Kumar Sharma to Arvind Sharma. All please note.

0020480610-1